राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

परिसीमन / अत्यावश्यक

संख्या– प0नि0 30–67 / 2026.....4241

प्रेषक,

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
–सह–जिला दंडाधिकारी, बांका, बेगूसराय,
भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, गया, कटिहार,
मधेपुरा, मधुबनी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चम्पारण,
पूर्वी चम्पारण, समस्तीपुर, सारण, शेखपुरा एवं सीतामढ़ी।

पटना, दिनांक– 29.10.26

विषय :– राजस्व ग्रामों की प्रविष्टि आयोग के वेबसाईट पर किये जाने, आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित राजस्व ग्रामों एवं उनके जनसंख्या का सत्यापन किये जाने तथा तत्संबंधी प्रमाणपत्र उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

प्रसंगः– आयोग के पत्रांक–3691, दिनांक–09.09.2026

महाशय,

उर्पयुक्त विषयक आयोग के प्रासंगिक पत्र एवं Video Conferencing द्वारा अवशिष्ट राजस्व ग्राम की प्रविष्टि आयोग के वेबसाईट पर किये जाने, आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित राजस्व ग्रामों एवं उनके जनसंख्या का सत्यापन किये जाने एवं तत्संबंधी प्रमाणपत्र आयोग के वेबसाईट पर अपलोड किये जाने के संदर्भ में दिशा–निर्देश संसूचित है।

आयोग स्तर पर समीक्षा के क्रम में पाया गया है कि बांका, बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, गया, कटिहार, मधेपुरा, मधुबनी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, समस्तीपुर, सारण, शेखपुरा एवं सीतामढ़ी जिलान्तर्गत कुछ प्रखंडों का प्रपत्र–क, प्रपत्र–ख एवं प्रपत्र–ग में प्रतिवेदन तथा जिला दंडाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र अब तक आयोग के वेबसाईट पर अपलोड नहीं किया गया है।

उल्लेखनीय है कि आयोग के पोर्टल पर उपलब्ध Village Master Report में उपलब्ध राजस्व ग्रामों का सत्यापन एवं यथावश्यक Revenue Records एवं नगर निकाय की अधिसूचना से मिलान करते हुए करते हुए विहित प्रपत्र–क, ख एवं ग में प्रतिवेदन तैयार किया जाना है। इस प्रकार उक्त कार्य में सभी संबंधित जिलों द्वारा अनावश्यक बिलंब की जा रही है।

वर्णित मामले में निदेशानुसार अनुरोध है कि आयोग के प्रासंगिक पत्र एवं Video Conferencing द्वारा दिये गए प्रशिक्षण एवं निदेश के आलोक में आपके जिलान्तर्गत **सभी प्रखंडों का डाटा आयोग के पोर्टल से मिलान करते हुए** त्रुटिरहित एवं समेकित प्रपत्र–क, प्रप्रत्र–ख एवं प्रपत्र–ग में प्रतिवेदन एवं तत्संबंधी प्रखंडों का जिला दंडाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र आयोग के वेबसाईट पर अपलोड कराने की कृपा की जाए।

कृपया इसे अतिआवश्यक समझा जाए।

विश्वासभाजन

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 00[illegible]506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847] E-mail: secbihar@gmail.com

इस पत्र के सत्यापन हेतु क्यूआर (QR) कोड को स्कैन करें।
https://d.docs.live.net/48b4aa91bbead76b/Desktop/Yogesh ji/Panchayat Parisiman/Other Letter 12.docx